नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/लखनऊ। मंगलवार,28 अप्रैल 2015

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

फास्ट न्यूज

बेमौसम बारिश से गन्ने में लगा कीट

■ **एनबीटी, लखनऊ :** प्रदेश में बेमौसम बारिश और ओले गिरने से गेहूं और दहलन फसलों की तरह गन्ने की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण गन्ने में पायरिला कीट लग गया है जिससे फसल बर्बाद होने का संकट पैदा हो गया है। गन्ने की फसल में लगे कीटों का सर्वेक्षण सोमवार को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके शाह ने किया। उन्होंने बिसवां चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने के खेत में जाकर वहां फसलों का ब्यरा लिया। जहां यह पाया गया कि सभी खेतों में पायरिला कीट का हमला हो चुका है।

डॉ. शाह ने गन्ना किसानों को बताया कि पत्तियां पीली पड़नी शुरू हो चुकी हैं। मगर उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं। गन्ने के खेत में पायरिला कीट को खाने वाले कीट इपीरिकेनिया के ककून और अंड समूह भी दिखाई पड़े। इनकी संख्या आने वाले कुछ दिनों में और बढ़ सकती है। इपीरिकेनिया कीट पायरिला कीट को खा लेते हैं जिससे गन्ने की फसल को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचेगा। उन्होंने किसानों को बताया कि जहां पर पायरिला कीट का आक्रमण हो चुका है वहां पर वह इपीरिकेनिया कीट के ककून को पत्ती समेत काटकर पायरिला प्रकोप वाले खेतों में डालकर अपने गन्ने की फसल को बचा सकते हैं।